पंजाब केसरी 07/04/2024

जी.एम.एन. कालेज में हुई 54वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने किया प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन, विजेताओं को बांटे पुरस्कार

अम्बाला, 6 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज में शनिवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन एवं खेलकूद विभाग, एन.सी.सी., वाई.आर.सी., वूमैन सैल, एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वाधान में 54वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने हुनर की चमक बिखेरी। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

डा. रोहित दत्त ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए डा. रोहित दत्त ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा. बृजेश कुमार को व अन्य विभाग के सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। मंच संचालन डा. अमित ने किया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है, बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक है।

खेलकूद प्रतियोगिता के यूं रहे परिणाम

पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में बलजिंदर सिंह ने प्रथम स्थान, सुमित कुमार ने द्वितीय स्थान, पंकज और समीर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग 100 मीटर दौड़ में रुचि भट्ट में प्रथम स्थान, अवनीत ने द्वितीय स्थान, रमणी और कृतिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पुरुष वर्ग लॉन्ग जंप में बलजिंदर ने प्रथम स्थान, पंकज ने द्वितीय स्थान, अमनदीप ने तृतीय स्थान हासिल किया

प्राचार्य डा. रोहित दत्त विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते हुए। (चंदमोहन)

एवं पुरुष वर्ग शॉट पुट में अमनदीप ने प्रथम स्थान, नीतीश ने द्वितीय स्थान एवं गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं, लॉन्ग जंप, महिला वर्ग में रुचि भट्ट ने प्रथम स्थान, संजना राठौर ने द्वितीय स्थान एवं कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग शॉटपुट में संजना ने प्रथम स्थान, भारती द्वितीय स्थान पर एवं आक्षी तृतीय स्थान पर रही, तो वहीं पुरुष वर्ग में बलजिंदर व महिला वर्ग में रुचि भट्ट ने बैस्ट एथलीट का खिताब हासिल किया।

इस अवसर पर कालेज डा. सीमा कंसल, डा. एस.एस. नैन, डा. एस.के. पांडे, डा. राकेश कुमार, डा. कृष्ण पूनिया, राजेंद्र देशवाल, डा. अनुपमा सिहाग, डा. मीनू राठी, डा. अमिता, डा. कमलेश, डा. नीना, डा. पिंकी, डा. रितु गुप्ता, डा. नीलम, डा. उपिंदर कौर, डा. मंजीत कौर सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।